कार्यालय निदेशक,माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान,बीकानेर

क्रमांकःशिविरा-माध्य/संस्था/गोप्र/डी-।।-एफ/अचलसम्पति/2018 दिनांकः 01/01/2019

1. समस्त संयुक्त निदेशक
 स्कूल शिक्षा माध्यमिक,

विषयः- राजपत्रित अधिकारियों द्वारा राज-काज साफ्टवेयर में अचल सम्पति का विवरण नहीं भरने वाले अधिकारियों से दिनांक 31.10.2018 तक भरवाकर जुलाई देय वेतनवृद्धि स्वीकृत करने बाबत्।

प्रसंगः- क्रमांकः प.24(6)शिक्षा-2/IPR/2018 जयपुर, दिनांक 15.10.18 के कम में।

उपर्युक्त विषय व प्रसंगानुसार लेख है कि जिन राजपत्रित अधिकारियों ने राज-काज साफ्टवेयर में अचल सम्पति का विवरण 31.10.2018 तक अपलोड कर दिया है उन अधिकारियों के वेतन वृद्धि स्वीकृत्त करावें तथा राज-काज साफ्टवेयर पर ऑन-लाईन करते हुए सूचना से अधोहस्ताक्षरकर्ता को अवगत करावें।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकःशिविरा-माध्य/संस्था/गो.प्र./डी-।।-एफ/अचल सम्पति/2018 दिनांकः 01/01/2019

प्रतिलिपि निम्न को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. प्रभारी कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु।

www.rajteachers.com

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

कार्यालय निदेशक,माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान,बीकानेर

क्रमांकःशिविरा-माध्य/संस्था/गोप्र/डी-1-एफ/अचलसम्पति/2019 दिनांकः

समस्त संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा माध्यमिक

विषयः- माध्यमिक शिक्षा में कार्यरत समस्त राजपत्रित अधिकारियों को उनकी SSO-ID से लॉगिन कर राज-काज साफ्टवेयर में उनकी अचल सम्पति का विवरण दिनांक 31.01.2019 तक अनिवार्य रूप से अपलोड करने बाबत्।

प्रसंगः- कार्मिक विभाग का परिपत्र- क्रमांक प.13(76)कार्मिक/क-1/गो.प्र./2011 जयपुर दिनांक 31.12.2018

उपर्युक्त विषय व प्रसंगानुसार लेख है कि माध्यमिक शिक्षा विभाग में कार्यरत समस्त संवर्गों के समस्त राजपत्रित अधिकारियों को अपनी SSO-ID से लॉगिन कर राज-काज साफ्टवेयर में उनकी अचल सम्पति का विवरण दिनांक 31.01.2019 तक अनिवार्य रूप से अपलोड कर उसकी हार्ड कॉपी अपने आहरण वितरण अधिकारी को जमा करवानी है। **सूचना अपलोड करने की अंतिम तिथि में वृद्धि किसी भी स्थिति में संभव नहीं है।** यदि किसी कार्मिक की अचल सम्पति की सूचना शून्य है तो भी शून्य की सूचना भी अपलोड करना अनिवार्य है। इसके अभाव में भावी वेतन वृद्धि तथा पदौन्नति देय नहीं होगी। उक्त कार्य को निर्धारित समय पर पूर्ण करने हेतु निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

1. समस्त आहरण वितरण अधिकारी अपने अधीनस्थ सभी संवर्गों के राजपत्रित अधिकारियों (प्रतिनियुक्त तथा अवकाश पर चल रहे कार्मिकों सहित) को इस संबंध में लिखित में सूचित कर दिनांक 31.01.2019 तक अचल सम्पति का विवरण अपलोड करने हेतु पाबंद करे तथा विवरण की हार्ड कॉपी प्राप्त कर उसका विधिवत रिकार्ड संधारण करें।
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी अपने अधीनस्थ आहरण वितरण अधिकारियों को इस संबंध में तुरंत सूचित कर नोडल विद्यालय के माध्यम से नियंत्रण कक्ष बनाकर प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर मण्डल अधिकारी को भेजें।
3. समस्त मण्डल अधिकारी अपने अधीनस्थ जिला कार्यालयों से प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर इसे समेकित कर desacrsec@gmail.com ई-मेल पते पर प्रेषित करें।
4. दिनांक 31.01.2019 तक समस्त मण्डल कार्यालयों द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना है कि उनके अधीनस्थ कार्यालयों के किसी भी राजपत्रित कार्मिक का अचल सम्पति विवरण अपलोड होना शेष नहीं है।

अचल सम्पति विवरण प्रगति रिपोर्ट दिनांकः- मण्डलः-.............................

क्र. सं.	जिले का नाम	कुल राजपत्रित कार्मिकों की संख्या	आज दिनांक तक अपलोड कार्मिकों की संख्या	शेष रहे कार्मिकों की संख्या

www.rajteachers.com

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकःशिविरा-माध्य/संस्था/गो.प्र./डी-1-एफ/अचल सम्पति/2019 दिनांकः
प्रतिलिपि निम्न को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-
1. निजी सचिव,शासन सचिव स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग,जयपुर।

2. उप शासन सचिव, शिक्षा ग्रुप-2 जयपुर ।
3. समस्त अनुभाग अधिकारी कार्यालय हाजा।
4. स्टाफ ऑफिसर कार्यालय हाजा।.
5. अनुभाग अधिकारी, शाला दर्पण अनुभाग, को पत्र प्रेषित कर लेख है कि शाला दर्पण वेबसाईट पर पत्र अपलोड कर समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक को सूचित करें।
6. प्रभारी कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड हेतु।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

www.rajteachers.com